चंडीगढ़ सोमवार, 25 दिसंबर 2023 । वर्ष 13 । अंक 287 । मूल्य 2 रुपए । पेज 4
www.chandigarhdinbhar.com


चंडीगढ़ दिनभर
RNI No.: CHAHIN/2009/29886
Email: chandigarhdinbhar@gmail.com
Exclusive Venture of Journalists
चंडीगढ़ दिनभर में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
99152-86304
98554-99000

प्रोग्राम

आईआईएसएफ 2023 का आउटरीच कार्यक्रम हुआ आयोजित

हमारे वैज्ञानिकों ने विश्व में भारत का नाम रोशन किया है : दीया कुमारी

चंडीगढ़ दिनभर, पिलानी/जयपुर

सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान ने विज्ञान द्वा भारती, राजस्थान और सुबोध पब्लिक स्कूल सांगानेर के सहयोग से 24 दिसंबर 2023 को आईआईएसएफ-2023 आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि दिया कुमारी कहा कि भारतीय विज्ञान और वैज्ञानिकों ने विश्व में राष्ट्र का परचम फहराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने इस अवसर पर भारत के वैज्ञानिक संगठनों की भी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए राष्ट्र की प्रगति में उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन और आईआईएसएफ जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को विज्ञान की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन और सरस्वती बंदना के साथ हुआ। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सीएसआईआर- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने उपमुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित एवं ऑनलाइन जुड़े श्रोताओं को सीएसआईआर- केंद्रीय इलेक ?ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस ?थान की शोध गतिविधियों एवं उपलब्धियां की जानकारी दी। डॉ पंचारिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए छात्रों और अन्य गणमान्य अतिथियों से 17 से 20 जनवरी, 2024 तक आरसीबी, फरीदाबाद, हरियाणा में आयोजित होने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2023 कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया।

डा. मेघंद्र शर्मा, सचिव, विज्ञान भारती, राजस्थान ने विज्ञान भारती की स्थापना के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए विज्ञान मंथन कार्यक्रम की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मार्ग पर सभी को साथ लेकर चलने में विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम कर रही है।

विशेष अतिथि डॉ. ब्रजेश पांडे, कार्यकारी निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए), नई दिल्ली. प्रो. (डॉ.) बी.आर. गुर्जर, निदेशक, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), चंडीगढ़, डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़, पूर्व महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग, भारत सरकार, रवि नैय्यर, प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, जयपुर, श्री. सुमेर सिंह बोथरा, माननीय सचिव सुबोध शिक्षा समिति ने छात्रों को आईआईएसएफ-2023 एवं विज्ञान मंथन कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी. इस कार्यक्रम में पूरे राजस्थान से विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य स्तरीय कैंप के लिए चयनित कुल 128 छात्र-छात्राओं नें भाग लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 500 छात्र और 150 शिक्षक और 50 से अधिक प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुईं। सभी आईआईएसएफ-2023 कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अत्यधिक प्रेरित हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम के आरंभ में आईआईएसएफ-2023 आउटरीच कार्यक्रम के नोडल-अधिकारी डा. विजय चटर्जी, वरिष्ठ ने आउटरीच के आयोजन के महत्व के बारे में अवगत कराया